दिनांक 29 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कल तक के शिविर में 75594 आवेदन फार्म का हुआ वितरण

भिलाईनगर/छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग संचालनालय इंद्रावती भवन रायपुर द्वारा प्राप्त पत्र एवं सचिव छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक उपभोक्ता संरक्षण रायपुर द्वारा दिए गए निर्देश के तारतम्य में वर्तमान में प्रचलित राशन कार्ड के नवीनीकरण के लिए कलेक्टर श्री अंकित आनंद ने नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारियों का दल का गठन कर 15 जुलाई से 29 जुलाई तक के लिए शिविर हेतु आदेश जारी कर ड्यूटी निर्धारित की है।

राशन कार्ड नवीनीकरण का शिविर चयनित स्थलों पर लग रहा है, खाद्य विभाग द्वारा प्रदाय की गई सूची में राशन कार्ड धारकों का नाम होना आवश्यक है सूची समस्त दल को प्रदाय कर दी गई है, विभिन्न शिविरों के माध्यम से 28 जुलाई तक लगभग 75594 आवेदन फार्म का वितरण किया गया एवं 67056 आवेदन भरे हुए प्राप्त किए गए बता दें कि लगभग 87149 राशन कार्ड निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बने हुए हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है, जल ही जीवन है